प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 04.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन तेज करने का दिया नर्देश, पारंपरिक शिल्पकारों के प्रशिक्षण को बढ़ाने पर जोर।**

2. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– रक्षा उत्पादन में एमएसएमई की बढ़ेगी भागीदारी, झारखंड के उद्यमियों को मिलेगा रक्षा क्षेत्र में नया अवसर।**

3. **जेटेट में भोजपुरी, मगही और अंगिका को शामिल करने पर मंत्रियों की कमेटी में नहीं बनी सहमति, अंतिम फैसला लेंगे मुख्यमंत्री।**

4. **राज्य के कई हिस्ससें में आठ जून तक तेज हवा, वज्रपात और गर्जन की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट ।**

5. **गोवा में खेले गए सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत ने भूटान को हराकर फाइनल में बनाई जगह, खिताब के लिए बांग्लादेश से होगा मुकाबला।**

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उद्योग विभाग की योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार सृजन को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने झारक्राफ्ट के उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने और पर्यटन स्थलों पर बिक्री को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने माटी कला बोर्ड के माध्यम से पारंपरिक शिल्पकारों के प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिए।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में डिफेंस कॉनक्लेव की स्मारिका का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और एमएसएमई और स्टार्टअप्स की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। श्री सेठ ने झारखंड के उद्यमियों को रक्षा क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए रक्षा मंत्रालय की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने बोकारो में धनबाद और बोकारो से संबंधित 20 शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने बीसीसीएल भूमि अधिग्रहण मुआवजा मामले में शीघ्र भुगतान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की शिकायतों का त्वरित समाधान आयोग की प्राथमिकता है।

****

रांची के गोपाल प्रसाद बर्मन पहले एक छोटी चाय की गुमटी चलाकर परिवार का भरण–पोषण करते थे, लेकिन सीमित पूंजी के कारण व्यवसाय का विस्तार नहीं कर पा रहे थे। गोपाल का कहना है कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत मिले क्रमिक ऋण का उपयोग कर उन्होंने पहले चाय–नाश्ते का कारोबार बढ़ाया और बाद में अटल स्मृति वेंडर मार्केट में कपड़ों की दुकान शुरू की।

****

रांची नगर निगम ने हरमू नदी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मापी अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर वार्ड–23 के हिंदपीढ़ी स्थित हरमू नदी तट का भौतिक सत्यापन कर अतिक्रमण की श्रेणी

में आने वाली संरचनाओं को चिन्हित किया गया। निगम ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य आगे भी जारी रहेगा और रिपोर्ट तैयार होने के बाद नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में भोजपुरी, मगही और अंगिका भाषा को शामिल करने के मुद्दे पर गठित मंत्रियों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक में सहमति नहीं बन सकी। समिति के अधिकांश सदस्यों ने इन भाषाओं को शामिल करने का विरोध किया, जबकि कुछ मंत्री इसके पक्ष में रहे। अब समिति अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपेगी। इस मामले में अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री द्वारा लिया जाएगा।

****

रामगढ़ में संस्कृत भारती की ओर से सात दिवसीय संस्कृत भाषा संवर्धन आवासीय शिविर की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ. सरोज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में पूरे राज्य से लगभग 150 छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।

****

जमीनी विवाद को लेकर कोडरमा थाना क्षेत्र के चितरपुर गांव में कोडरमा विधायक नीरा यादव के निजी वाहन चालक राजकुमार यादव की हत्या कर दी गई। घटना में मृतक की बेटी, माता और पिता गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। विधायक डॉ. नीरा यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पुलिस पर पूर्व शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

****

हजारीबाग के कटकमदाग में दो नाबालिग भाई–बहन के अपहरण और हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी संजीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अमन कुमार ने बताया कि आरोपी ने बच्चों को मोबाइल दिलाने के बहाने स्कूटी पर बिठाया और सुनसान जगह ले जाकर हत्या कर दी।

****

जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र में फायरिंग, मारपीट और तोड़फोड़ की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा के अनुसार विशेष जांच टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

****

मौसम केंद्र ने 3 से 8 जून के बीच राज्य के विभिन्न जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने, वज्रपात और गर्जन की संभावना जताई गई है।

****

गोवा के मडगांव में खेले गए सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत ने भूटान को 1–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम छह साल बाद टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। मैच का एकमात्र गोल 58वें मिनट में सनफिदा नोंगराम ने किया। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम का फाइनल में 6 जून को बांग्लादेष की टीम से मुकाबला होगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने दिल्ली के मालवीय नगर में हुए अग्किांड की खबर को प्रमुखता से लिया है।

प्रभात खबर ने लिखा छह कमरों की अनुमति, चल रहा था छह मंजिला होटल, आग से 11 विदेशी सहित 21 जिंदा जले

दैनिक जारगण ने लिखा अवैध होटल में आग, 21 की मौत

हिन्दुस्तान की सुर्खी है रातू में छेड़छाड़ के आरोपी को भीड़ ने मार डाला।

दैनिक भास्कर की लीड है ममता को झटका– 58 विधायकों का असली तृणमूल होने का दावा।

****